कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 126/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 30.03.2026

थाना- कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़

अन्तर्जपदीय शातिर अपराधियों से पुलिस मुठभेड़ – फायरिंग के बीच दो बदमाश घायल/गिरफ्तार, एक फरार

पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग, आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई

दो अवैध तमंचा .315 बोर, मिस/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूटी गई चैन बरामद

छिनैती की घटना में वांछित अन्तर्जपदीय अभियुक्तों की गिरफ्तारी, पुनः वारदात की साजिश नाकाम

कन्धरापुर पुलिस की त्वरित घेराबंदी व साहसिक कार्रवाई, देर रात्रि मुठभेड़ में सफलता

डॉ0 अनिल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुवन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शुभम तोदी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कन्धरापुर के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कन्धरापुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आजमगढ़। दिनांक 26.03.2026 को वादी द्वारा थाना कन्धरापुर पर सूचना दी गई कि वह भंवरनाथ मन्दिर से वापस लौट रही थी, तभी बिजौरा कॉलोनी के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके गले से सोने की चैन झपट कर भाग गए। उक्त सूचना के आधार पर थाना कन्धरापुर पर मु0अ0सं0 68/2026 धारा 304 BNS पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान प्रकाश में आया कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त अन्तर्जपदीय स्तर पर सक्रिय शातिर अपराधी हैं, जो आजमगढ़, गाजीपुर व आसपास के जनपदों में लगातार चोरी, लूट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं।

पुलिस मुठभेड़ का विवरण- दिनांक 30.03.2026 को प्रभारी निरीक्षक अनुराग कुमार मय पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि अन्तर्जपदीय शातिर अपराधी मोटरसाइकिल से किशुनदासपुर से कम्हेनपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा **चन्द्रमा ऋषि आश्रम के निकट पुलिया के पास** घेराबंदी कर चेकिंग की जाने लगी। कुछ ही देर बाद संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखाई पड़े। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्तों ने भागने का प्रयास किया, जिससे उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे गड्ढे में फिसलकर गिर गई। अपने को घिरता देख तीनों अभियुक्तों ने झाड़ियों की आड़ लेकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा

आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दिए जाने के बावजूद फायरिंग जारी रखने पर आत्मरक्षार्थ नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें दो अभियुक्त घायल हो गए, जबकि एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया।
घायल अभियुक्तों को **समय करीब 02:10 बजे** मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया तथा उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास जारी हैं।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने फरार साथी छोटू सिंह के साथ मिलकर अन्तर्जपदीय स्तर पर आजमगढ़, गाजीपुर व आसपास के जनपदों में चोरी, लूट व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं।

अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दिनांक 26.03.2026 को भंवरनाथ क्षेत्र में एक महिला के गले से सोने की चैन झपट कर छीन ली थी।

अभियुक्त पुनः किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, किन्तु पुलिस की तत्परता से गिरफ्तार कर लिए गए।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 68/2026 धारा 304/317(2) BNS थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़

मु0अ0सं0 71/2026 धारा 109/352/351(3) BNS एवं 3/25, 5/27 आर्म्स एक्ट थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़

गिरफ्तार/घायल अभियुक्त-

शिवम साहनी उर्फ अनुराग पुत्र संजय साहनी निवासी राहुल नगर मड़या थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ **(बाएं पैर में गोली लगी)**

राज निषाद पुत्र हरिनाम निषाद निवासी राहुल नगर मड़या थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ **(दाहिने पैर में गोली लगी)**

फरार अभियुक्त-

छोटू सिंह पुत्र इन्द्रजीत निवासी जनपद गाजीपुर, हाल पता कटघर थाना सिधारी जनपद आजमगढ़

बरामदगी-

02 अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर

02 अदद मिस कारतूस .315 बोर

02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर

01 अदद मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस (UP 50 CR 5517)

01 अदद चैन (पीली धातु)

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

प्र0नि0 अनुराग कुमार, उ0नि0 नरेन्द्र विक्रम सिंह, उ0नि0 अखिलेश कुमार यादव, प्रमोद मध्देशिया, का0 विकास बाबू पाल, का0 रामशरण यादव, का0 विजय यादव, का0 नितिन मिश्रा, का0 सुरेन्द्र पाल, का0 विनय कुमार यादव थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़।

उत्तर प्रदेश पुलिस